अमर उजाला 09/05/2024

रेडक्रॉस दिवस पर भाषण प्रतियोगिता

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर गतिविधियों का आयोजन किया। रेडक्रॉस दिवस पर कॉलेज परिसर में पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि आज का दिन एक विशेष महत्व का दिन है, क्योंकि इस दिन ही यूथ रेडक्रॉस की विश्व में स्थापना हुई थी। प्राचार्य ने यूथ रेड क्रॉस के इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि मानव का सबसे बड़ा धर्म दूसरे व्यक्तियों की सेवा करना और सहयोग प्रदान करना है। संवाद